# साईं राम जपोगे तो तर जाओगे साई बाबा भजन

साईं राम जपोगे तो तर जाओगे,

भक्तो को है समझाया,
जीवन यह अगर पाया,
बाबा ने ये समझाया,
साँई राम जपोगे तो तर जाओगे,
नाम जपोगे तो तर जाओगे।bd।

तर्ज – बता दूँ क्या लाना।

---

जीवन है ये पानी का रैला,
दो दिन का है बस ये मैला,
साँसो का भी क्या भरोसा है,
दे जाएगी कब ये धोखा है,
कर्म अपने सबही करना,
ईश्वर का भजन करना,
यह बात न बिसरना,
साँई राम जपोगे तो तर जाओगे,
नाम जपोगे तो तर जाओगे।bd।

---

आए यहाँ हो किस लिए,
नर तन मिला है किस लिए,
जीवन का मकसद भी मिल जाएगा,
जीवन ये तेरा सँवर जाएगा,
दौलत पे न इतराना,
जीवन का क्या ठिकाना,
ये बात न भुलाना,
साँई राम जपोगे तो तर जाओगे,
नाम जपोगे तो तर जाओगे।bd।

---

साँई बाबा के द्वार पर आजाए,
जो कोई अगर बाबा,
दया उनपे करते है,
झोली भी सबकी वो भरते है,
जो चल के सिरडी आया,
बाबा को सर झुकाया,
फिर उसने भी यह गाया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भक्तो को है समझाया,
जीवन यह अगर पाया,
बाबा ने ये समझाया,
साँई राम जपोगे तो तर जाओगे,
नाम जपोगे तो तर जाओगे।bd।

– भजन लेखक एवं प्रेषक –
श्री शिवनारायण वर्मा,
मोबा.न.8818932923

वीडियो उपलब्ध नहीं।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com